नव भारत
राष्ट्रीय का प्रहरी 1934 से

# टीईटी देनी पड़ेगी, ऑफलाइन का विकल्प

## राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने की घोषणा



**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 5 सितंबर. प्रदेश में डेढ़ लाख शिक्षकों की योग्यता को परखने के लिए टीईटी परीक्षा अब ऑफलाइन मोड में होगी. इसकी आधिकारिक घोषणा शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में शिक्षक सम्मान समारोह 2026 के दौरान की.**

उन्होंने कहा कि प्रदेश के जिन वरिष्ठ शिक्षकों को टीईटी परीक्षा देनी है, उनकी जरूरत को देखते हुए सरकार ऑफलाइन परीक्षा कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का नक्शा भले ही कागजों पर बनता हो, लेकिन देश की असली किस्मत शिक्षक कक्षाओं में बनाते हैं. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अपने संबोधन में बच्चों को विकसित भारत का असली कर्णधार और शिक्षकों को इन कर्णधारों के शिल्पकार बताया.

समारोह में राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान-2026 और राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट शिक्षकों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और 25 हजार रुपये की सम्मान राशि देकर कुल 33 शिक्षकों को सम्मानित किया. इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने भी विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम में जनजातीय कार्य और भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग भी मौजूद रहे.

### शिक्षकों ने ऑनलाइन मोड का किया था विरोध

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से ही मप्र में शिक्षक संगठन द्वारा ऑनलाइन मोड में आयोजित होने वाली परीक्षा का विरोध किया जा रहा था. 1998 से 2009 के बीच नियुक्त हुए कई शिक्षकों को कंप्यूटर चलाने का अनुभव नहीं है. जिसके कारण इन शिक्षकों को परीक्षा देने में तकनीकि समस्या आ सकती थी. जिसको लेकर शिक्षक संगठनों ने स्कूल शिक्षा मंत्री उदय राव प्रताप सिंह और लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह से बातचीत की थी. जिसके बाद सरकार ने परीक्षा को ऑनलाइन मोड के साथ ऑफलाइन मोड में भी कराने का फैसला लिया है.

# छात्रों की गूंज से पहले सियासी घमासान



**नवभारत न्यूज**
**इंदौर, 5 सितंबर. कांग्रेस के छात्रों की गूंज कार्यक्रम से पहले ही प्रदेश की सियासत में बयानबाजी तेज हो गई है. राहुल गांधी के इंदौर आने की संभावनाओं के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस को उसके ही अतीत के आईने में खड़ा कर दिया.**

**सीएम डॉ. यादव का राहुल पर तंज**

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मध्यप्रदेश आएं, उनका स्वागत है, लेकिन कांग्रेस पहले अपने शासनकाल में युवाओं के साथ हुए अन्याय के लिए माफी मांगे. मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के 1955 से 2003 तक के शासनकाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस दौरान किसान, महिला और युवाओं की स्थिति क्या थी, इसका जवाब कांग्रेस को देना चाहिए. उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के आंकड़े कांग्रेस और भाजपा सरकारों के कामकाज का अंतर बताते हैं. डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में प्रदेश की बिजली उत्पादन क्षमता करीब 5 हजार मेगावॉट थी. भाजपा सरकारों के कार्यकाल में यह बढ़कर 25 हजार मेगावॉट तक पहुंची, जबकि मौजूदा सरकार के ढाई साल में यह क्षमता करीब 31 हजार मेगावॉट तक पहुंचने का दावा किया.

### घंटा बीजेपी को फायदा : रागिनी

**इंदौर.** नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस बयान पर कि राहुल गांधी के इंदौर आने से भाजपा को फायदा होगा, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने तीखा पलटवार किया. इंदौर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा के दौरान नायक ने कहा, घंटा बीजेपी को फायदा होगा. जातिगत जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस की प्रेसवार्ता के लिए इंदौर पहुंचीं नायक से जब विजयवर्गीय के बयान को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि कैलाश विजयवर्गीय कई बार ऐसा बोल जाते हैं, जिससे उनका अपना ही मजाक बन जाता है.

# सिंध, बेतवा, पार्वती, आसन उफान पर

## चंदेरी-ललितपुर मार्ग बंद, सनकुआ पर सभी घाट नदी में डूबे

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर/दतिया/मुरैना/श्योपुर, 5 सितंबर. ग्वालियर चंबल अंचल में लगातार हो रही बारिश से सिंध, बेतवा, आसन, पार्वती और पहूज नदियों का जलस्तर बढ़ गया है. सिंध नदी में मोहिनी पिकअप और समोहा बांध से कुल 2650 क्यूमेक्स पानी छोड़ा गया है. वहीं राजघाट बांध से आज तड़के पानी की निकासी बढ़ाकर 1.50 लाख क्यूसेक कर दी गई है. इसके बाद पुल पर आवागमन बंद कर दिया गया है. प्रशासन ने अगली सूचना तक चंदेरी-ललितपुर मार्ग पर आवाजाही बंद रखने के निर्देश दिए हैं.**

सिंध नदी में मोहिनी पिकअप से 2274 क्यूमेक्स और समोहा बांध से 380 क्यूमेक्स पानी छोड़ा गया है. दोनों स्थानों से कुल 2650 क्यूमेक्स पानी नदी में पहुंच रहा है. इसके चलते सिंध नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है. सनकुआं में सिंध नदी का जलस्तर 134.5 मीटर दर्ज किया गया है. पानी की आवक बढ़ने के साथ जलस्तर और बढ़ने की संभावना है. सनकुआं के घाट भी पानी में डूब गए हैं. जलस्तर बढ़ने को देखते हुए पुलिस ने गोराघाट क्षेत्र में मुनादी कर लोगों से नदी के किनारे नहीं जाने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है.



### भारी बारिश से अपर ककेटो बांध के चार गेट खुले

इधर ग्वालियर में अपर ककेटो बांध के जल संग्रहण क्षेत्र में हो रही अति वर्षा और मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए बांध प्रबंधन ने एहतियाती कदम उठाया है. बांध के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए आज तड़के अपर ककेटो बांध के चार जल द्वार खोल दिए गए हैं. इन गेटों से लगभग 158 .24 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जा रहा है. प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार अपर ककेटो बांध से छोड़ा गया पानी निर्धारित जलभराव क्षमता के बाद पार्वती नदी के माध्यम से हरसी बांध में पहुंचेगा. इससे हरसी बांध के जल संग्रहण क्षेत्र में जलस्तर बढ़ने की संभावना है.

### उमरिया में 22 दिनों से नहीं निकली धूप


**उमरिया.** जिले में इस मानसून लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन के साथ-साथ किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है. पिछले करीब 22 दिनों से जिले में धूप नहीं निकली है और लगातार आसमान में बादल छाए हुए हैं. 5 सितंबर की ताजा बारिश रिपोर्ट के अनुसार उमरिया जिले में अब तक लगभग 41 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो सामान्य औसत वर्षा का करीब 85 .6 प्रतिशत बताई जा रही है. लगातार बारिश और लंबे समय से धूप नहीं निकलने के कारण जिले के कई क्षेत्रों में फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ने लगा है. खेतों में पानी भरने और पर्याप्त धूप नहीं मिलने से फसलों की बढ़वार प्रभावित हो रही है. किसानों को आने वाले दिनों में फसल खराब होने की चिंता सताने लगी है.

### बसपा की पूर्व नपा अध्यक्ष की पोस्ट से बवाल

**ग्वालियर.** बहुजन समाज पार्टी की पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सत्यप्रकाशी पारसेडिया की एक पोस्ट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. जन्माष्टमी के अवसर पर उनकी फेसबुक आईडी से एक विवादित फोटो शेयर की गई, जिसमें एक कुत्ते को भगवान श्री कृष्ण के रूप में दर्शाया गया था. इस पोस्ट के सामने आते ही हिंदू संगठनों और सर्व समाज के युवाओं में भारी आक्रोश फैल गया. सोशल मीडिया पर युवाओं ने इस पोस्ट पर कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए इसे सनातन धर्म और हिंदू देवी-देवताओं का घोर अपमान बताया.

# टपकती छत के नीचे पढ़ने को मजबूर विद्यार्थी

- स्कूल में बदहाल शौचालय, लापता हैं मूलभूत सुविधाएं
- बच्चों ने वीडियो वायरल करके बताये हालात





**नवभारत न्यूज**
**कटनी, 5 सितंबर. जिले के जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत पाली स्थित शासकीय विद्यालय में बारिश के दौरान कक्षाओं में पानी भरने और छत से लगातार पानी टपकने का मामला सामने आया है.**

सोशल मीडिया पर सामने आए बच्चों के वीडियो में कक्षाओं के भीतर पानी और गीली टेबल-बेंच दिखाई दे रही हैं. इससे पढ़ाई प्रभावित होने के साथ ही बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है. सरकारी व्यवस्था से परेशान बच्चों ने स्वयं वीडियो बनाकर विद्यालय की स्थिति सामने रखी. बच्चों का कहना है कि समस्या को लेकर स्कूल स्तर से अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है. वीडियो में बच्चों ने बताया कि प्राचार्य के माध्यम से करीब दो माह पहले कलेक्टर कार्यालय तक आवेदन पहुंचाया गया था, लेकिन इसके बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका. बच्चों ने जर्जर छत से पानी टपकने के बीच किसी हिस्से के गिरने की आशंका भी जताई है. बारिश के दौरान विद्यालय भवन में बच्चों की सुरक्षा का सवाल ऐसे में महत्वपूर्ण हो गया है. बच्चों ने वीडियो में आरोप लगाया कि जब वह स्कूल की बदहाली का वीडियो बनाकर अपनी परेशानी लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं, तो उन्हें वीडियो बनाने से रोका जाता है. बच्चों के अनुसार वे अपनी शिकायत लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव तक भी पहुंचे, लेकिन दोनों जिम्मेदार मौके पर उपलब्ध नहीं मिले.

# फिर एक और बैगा बच्चे की मौत

## बालाघाट में थम नहीं रहा बीमारियों का कहर

**नवभारत न्यूज**
**बालाघाट. जिले के बैहर-बिरसा क्षेत्र में मलेरिया और मौसमी बीमारियों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. इसी बीच बैगा आदिवासी 10 वर्षीय गजेंद्र मरकाम ग्राम अतरिया आरामटोला निवासी की गुरुवार, 3 सितंबर की रात 10 बजे लूद ग्राम पंचायत के मसीहाटोला में मौत हो गई.**

प्रारंभिक जानकारी में बच्चे के मलेरिया से पीड़ित होने की बात सामने आई है, हालांकि मौत के वास्तविक कारण की आधिकारिक पुष्टि स्वास्थ्य विभाग की जांच और पीएम रिपोर्ट के में ही होंगी.

जानकारी के अनुसार गजेंद्र मरकाम पिता विश्राम मरकाम, उम्र 10 वर्ष, बैगा आदिवासी हैं जो अतरिया पंचायत के आरामटोला का निवासी था. वह तीन भाइयों में से एक था और पिछले कुछ महीनों से अपने माता-पिता के साथ मसीहाटोला में अपने मौसा के घर रह रहा था. पिछले कुछ दिनों से उसकी तबीयत खराब थी. परिजनों द्वारा मंगलवार को उसका निजी तौर पर उपचार कराया गया था.

# जन्माष्टमी पर स्क्रीन पर चलीं कुरान की आयतें

- वीडियो वायरल होने के बाद विवाद, पुलिस ने शुरू की जांच
- पेन ड्राइव में रखी सामग्री के कारण बनी विवाद की स्थिति

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर, 5 सितंबर. जन्माष्टमी पर बांके बिहारी मंदिर के बाहर लगे डिस्प्ले बोर्ड पर अचानक उर्दू में लिखी आयत प्रदर्शित होने से विवाद की स्थिति बन गई.**

स्क्रीन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हिंदू संगठनों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए जांच की मांग की. पुलिस जांच में सामने आया कि स्क्रीन पर दिखाई गई सामग्री कुरान की आयतें थीं. जांच में यह भी पता चला कि डिस्प्ले बोर्ड पर अलग अलग धार्मिक आयोजनों के लिए तैयार सामग्री एक ही पेन ड्राइव में रखी गई थी. इसी दौरान जन्माष्टमी के कार्यक्रम के बीच दूसरी सामग्री स्क्रीन पर चल गई. गलती सामने आने पर संचालक ने तत्काल उसे हटाकर जन्माष्टमी से संबंधित संदेश प्रदर्शित करना शुरू कर दिया. मामले में सवाल यह है कि जिस दिन मंदिर के बाहर जन्माष्टमी से जुड़े संदेश चलाए जाने थे, उस समय दूसरी धार्मिक सामग्री स्क्रीन तक कैसे पहुंची.

### जांच के आधार पर कार्रवाई करेंगे : एडीसीपी

मामले में एडीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में किसी धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक नारा या स्लोगन चलने की बात सामने नहीं आई है. मामला डिस्प्ले संचालक की लापरवाही से जुड़ा प्रतीत हो रहा है. जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी.

पुलिस अब डिस्प्ले बोर्ड लगाने वाले व्यक्ति, उसके संचालन और पेन ड्राइव में सेव सामग्री की जांच कर रही है.

### एक नजर में

**रतलाम में कार से मिली 10 लाख की एमडी ड्रग्स**

**रतलाम.** रतलाम पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 100 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की है. इसकी कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई गई है.

**डॉक्टर के सूने मकान से 30 तोला सोना चोरी**

**ग्वालियर.** माधवगंज थाना क्षेत्र में डॉक्टर के सूने मकान से करीब 30 तोला सोना और अन्य कीमती सामान चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है.

### मड़वास थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**मड़वास.** मड़वास में थाना प्रभारी और व्यापारियों के बीच विवाद शनिवार को बढ़ गया. किराना व्यवसायी के साथ कथित गाली-गलौज के आरोप के बाद व्यापारियों ने बाजार बंद कर थाना परिसर पहुंचकर धरना दिया. मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी अतर सिंह को लाइन हाजिर कर दिया. विवाद की शुरुआत किराना व्यवसायी मानिक लाल गुप्ता की दुकान के सामने वाहन खड़ा करने को लेकर हुई. व्यवसायी ने थाना प्रभारी पर कथित गाली-गलौज करने का आरोप लगाया.

# 12 वर्ष से कर रहे बिजली का इंतजार

## दुगलई के आदिवासी परिवार 80 बरस बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित

**नवभारत न्यूज**
**बालाघाट, 5 सितंबर. जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लोग आजादी के 80 बरस बाद भी बिजली को तरस रहे हैं.**

जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते बैहर विधानसभा के ग्राम पंचायत बिठली के ग्राम दुगलई में 12 वर्ष बाद भी यहां की बिजली व्यवस्था को बहाल नहीं हो पाई. दुगलई ग्राम पंचायत बिठली से तकरीबन 17 किलोमीटर दूर है. वनांचल ग्राम दुगलई में 34 मकान हैं और यहां की जनसंख्या तकरीबन 450 के आसपास है. ग्रामीण किसी तरह टॉर्च की रोशनी से अपना गुजारा करते हैं. गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी अधिकांश लोगों को नहीं मिल पाया है, जिसके कारण आज भी यहां पर लोग झोपड़ियों में ही गुजर बसर कर रहे हैं.



### बिजली के पोल लेकिन करंट नहीं

ग्रामीणों के मुताबिक, गांव में कहने को बिजली के पोल लगे हुए हैं. लेकिन घरों में बल्ब जलाने के लिए बिजली का करंट नहीं पहुंच रहा . ग्रामीणों का आरोप है कि, बीते सालों के दौरान कई शिकायतों के बाद भी कर्मचारी गांव तक नहीं पंहुच पाए हैं, न ही उनकी समस्या के लिए उनकी सुध ली गई . जिसके कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश भी है.

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**दमोह.** नोहटा थाना अंतर्गत शाखा गांव के पास सड़क हादसे में एक 23 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना की सूचना मिलते ही नोहटा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया. हालत गंभीर होने के चलते उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है. थाना प्रभारी अभिषेक पटेल व प्रधान आरक्षक कामता के अनुसार, प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि दोनों युवक नोहटा से अपने घर की ओर जा रहे थे.

# प्रशिक्षण के साथ रोजगार शुरू करने ऋण भी दिलाएंगे : चौहान

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**देवास, 5 सितंबर. महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा कई कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं.**

इसी के तहत केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने खातेगांव में नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ किया. इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने प्रशिक्षण के लिए आईं सभी महिलाओं से चर्चा कर उनका हौसला बढ़ाया. खातेगांव में आयोजित इस मुख्य कार्यक्रम से केंद्रीय मंत्री चौहान ने वर्चुअली माध्यम से विदिशा, सीहोर और रायसेन के प्रशिक्षण केंद्रों का भी एक साथ शुभारंभ किया. इस दौरान इन तीनों जिलों के प्रशासनिक अधिकारी और प्रशिक्षणार्थी महिलाएं ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ी.



**बदहाली** | स्वास्थ्यमंत्री के गृहजिले के मेडिकल कॉलेज में एक और कमाल

# जिंदा मरीज को मृत घोषित कर मर्चुरी भेजा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 5 सितंबर. संजय गांधी अस्पताल में नवजात समेत कल्पना मिश्रा की मौत का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि लापरवाही का एक और गंभीर मामला सामने आया है. यहां 66 वर्षीय गिरजा प्रसाद गुप्ता को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और शव मर्चुरी भेज दिया.**



परिजनों से शव की रिसीविंग पर्ची पर हस्ताक्षर भी करा लिए गए. पीएम की तैयारी शुरू होती, उससे पहले मरीज के जिंदा होने का पता चला. इसके बाद उसे मर्चुरी से वापस मेडिसिन विभाग के वार्ड में भर्ती कराया गया. गिरजा प्रसाद गुप्ता सीधी के रहने वाले हैं. उन्हें 4 सितंबर की रात 11.25 बजे एसजीएमएच में भर्ती किया गया था. उन्हें चौथी मंजिल के 4बी सेक्शन में बेड नंबर 33 पर रखा गया था. परिजनों के अनुसार डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर शव सौंपने की प्रक्रिया पूरी कर दी. रिसीविंग पर्ची पर डॉक्टर निवेश सविता के हस्ताक्षर और सील भी दर्ज है. मामला सामने आने के बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया.

कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए. उनके आदेश पर एसडीएम अनुराग तिवारी अमले के साथ अस्पताल पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की पड़ताल की. मामले में जिम्मेदार डॉक्टरों और कर्मचारियों की भूमिका की जांच की जा रही है.

### मुरैना में ट्रक ने तीन महिलाओं को कुचला

**मुरैना.** जन्माष्टमी के मौके पर घिरोना हनुमान मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव देखकर घर लौट रही तीन महिलाओं की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई. हादसा देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर मंदिर के पास हुआ. ग्वालियर की ओर से दिल्ली जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे पैदल लौट रहीं महिलाओं को पीछे से टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. हादसे में जान गंवाने वाली तीनों महिलाएं सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हरफूल के पुरा गांव की रहने वाली थीं.

# एकलव्य स्कूल के नौ बच्चे अचानक बीमार

## बुखार के चलते सिविल अस्पताल में कराना पड़ा भर्ती, परिजन घर ले गए

**नवभारत न्यूज**
**पेटलावद, 05 सितंबर. एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शनिवार की दोपहर अचानक कई बच्चों की तबीयत बिगड़ गई. बुखार से पीड़ित होने के कारण कुल नौ बच्चों को तत्काल इलाज के लिए स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया.**



इस घटना की सूचना मिलते ही बच्चों के परिजनों में गहरी चिंता फैल गई. अस्पताल में प्राथमिक उपचार और देखरेख के बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई, जिसके चलते रात्रि आठ बजे तक परिजन अपने-अपने बच्चों को अस्पताल से डिस्चार्ज करवाकर घर ले गए. हालांकि, इस दौरान छात्र जीवन का इलाज सिविल अस्पताल में जारी रहा. इस मामले को लेकर बीएमओ अंतिम सोलंकी ने जानकारी दी कि आवासीय विद्यालय के इन बच्चों को तेज बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया था, जहां समय पर इलाज मिलने से अब सभी बच्चों की स्थिति पूरी तरह ठीक है.